बिहार सरकार
वाणिज्य–कर विभाग
–:अधिसूचना:–

पटना, दिनांक–

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना के कार्यालय में परिवादी श्री ज्योति कुमार, पिता–स्व0 रविन्द्र कुमार, सा0–न्यू कॉलोनी, उलाव, पो0–उलाव, थाना–सिंघौल, जिला–बेगूसराय द्वारा शिकायत दर्ज कराया गया था कि श्री प्रकाश चन्द्र मोहन, राज्य–कर सहायक आयुक्त, बेगुसराय अंचल, बेगुसराय एवं श्री संतोष कुमार झा, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर द्वारा नोटिस का निपटारा हो जाने के बाद भी पुनः तीन नोटिस भेजते हुए कड़ी कार्रवाई का दबाव बनाकर मामले को समाप्त करने के एवज में रिश्वत की मांग की जा रही है। ब्यूरो द्वारा प्राप्त शिकायत का सत्यापन कराया गया एवं सत्यापन के क्रम में प्रथम द्रष्टया आरोप सही पाये जाने के पश्चात् निगरानी थाना कांड संख्या–116/26 दिनांक–05.10.2026 के प्राथमिकी अभियुक्त श्री प्रकाश चन्द्र मोहन, राज्य–कर सहायक आयुक्त, बेगुसराय अंचल, बेगुसराय को 25,000/–(पच्चीस हजार) रूपये रिश्वत लेते हुये दिनांक–06.10.2026 को राज्य–कर संयुक्त आयुक्त कार्यालय, बेगुसराय अंचल से गिरफ्तार किया गया।

श्री मोहन का उक्त कृत्य भ्रष्टाचार एवं आपराधिक कदाचार का मामला है जो कि अन्वेषण/जाँच का विषय है। उनका यह आचरण बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली, 1976 (समय–समय पर यथा संशोधित) के नियम–3(1) के प्रतिकूल है।

उक्त के आलोक में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के भाग–IV नियम–9(2)(क) के प्रावधानों के तहत श्री प्रकाश चन्द्र मोहन, राज्य–कर सहायक आयुक्त, बेगुसराय अंचल, बेगुसराय को उनके कारा निरोध की तिथि–06.10.2026 के प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

2. निलंबन अवधि में श्री मोहन के जीवन निर्वाह भत्ता का भुगतान बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–10 के संगत प्रावधानों के तहत किया जायेगा।

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0/–
(विजय कुमार)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक:– कौन/भी–136/2026 पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि:–महालेखाकार(ले0 एवं हक0), वीरचन्द पटेल पथ, पटना एवं वित्त(वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक:– कौन/भी–136/2026 पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि:–प्रभारी पदाधिकारी, ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सी0डी0 सहित दो प्रतियों में (आई0टी0 मैनेजर, वाणिज्य कर विभाग के माध्यम से) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित

ह0/–
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–कौन/भी–136/2026 314/st पटना, दिनांक– 9.10.26

प्रतिलिपिः–माननीय उपमुख्यमंत्री(वाणिज्य–कर), बिहार, पटना के आप्त सचिव/राज्य–कर आयुक्त–सह–सचिव, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/राज्य–कर अपर आयुक्त, राजपत्रित स्थापना शाखा/राज्य–कर अपर आयुक्त(प्रशासन), दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा/राज्य–कर संयुक्त आयुक्त(प्रभारी), बेगुसराय अंचल, बेगुसराय/कोषागार पदाधिकारी, बेगुसराय/आई0टी0 मैनेजर, वाणिज्य–कर विभाग, बिहार, पटना को विभागीय साईट पर अपलोड करने हेतु एवं राज्य–कर संयुक्त आयुक्त(प्रभारी), बेगुसराय अंचल, बेगुसराय से अनुरोध है कि श्री प्रकाश चन्द्र मोहन, राज्य–कर सहायक आयुक्त, बेगुसराय अंचल, बेगुसराय को तामिला कराने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09.10.2026

सरकार के उप सचिव।